**विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1,**
**भवन निर्माण विभाग, पटना।**

पत्रांकः–                                                   दिनांकः–

प्रेषक,

**ई० अनिल कुमार**
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–1, पटना।

सेवा में,

Skyheart Pvt Ltd.
C/O-MD Sultan Ahmad, Moghalpura
Choti Bazaar, Opp-Jama Masjid, Patna, Bihar-800008.

विषयः– SITC of indoor Vertical Lift with Oil hydraulic technology with 2 stops & 2 sliding Door (Opposite access) with travel height 4000mm, lifting Capacity-400kg, Motor rated 2.8kw, Speed 0.15m/s with power supply of 01 Phase 230 V 50Hz along with all accessories with Steel Structure including Complete Job with SIL 3 Certified at Hon'ble Judges Library at Newly Constructed Centenary Building at Patna High Court, Patna के धीमी गति क्रियान्वित कराये जाने के फलस्वरूप DEBAR करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांक–1264, दिनांक–26.07.2022, पत्रांक–1984, दिनांक–10.10.2022, पत्रांक–2213, दिनांक–02.11.2022, पत्रांक–2508, दिनांक–05.12.2022, पत्रांक–2537, दिनांक–09.12.2022, पत्रांक–123, दिनांक–20.01.2023,

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में आपको सूचित करना है कि विषयांकित कार्य आपके द्वारा कराया जा रहा है, Material स्थल पर उपलब्ध होने के बावजूद भी लिफ्ट installation का कार्य नही कराया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि विषयांकित कार्य को पूर्ण कराने हेतु इस कार्यालय का पत्रांक–1264, दिनांक–26.07.2022 के द्वारा आपको कार्यादेश निर्गत किया गया। कार्यादेश निर्गत की तिथि से कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–25.01.2023 तक थी। परन्तु आपके द्वारा कार्य अभी तक पूर्ण नहीं किया गया है। कार्य पूर्ण करने हेतु मौखिक एवं विभिन्न प्रासंगिक पत्रों के द्वारा आपको निर्देशित किया गया है, साथ हीं बारंबार यह भी सूचित किया गया था कि आपके द्वारा किये गये कार्य की विलंब की स्थिति में अर्थात प्रतिकूल स्थिति में सारी जवाबदेही आपकी होगी। परन्तु आपके द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। जिसके कारण अधोहस्ताक्षरी एवं विभागीय वरीय पदाधिकारीयों को माननीय उच्च न्यायालय, पटना में आहूत बैठक में कई बार विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। जो अत्यन्त हीं खेद का विषय है। उक्त के परिपेक्ष्य में यह भी सूचित करना है कि कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत कार्य संरचना प्रशाखा–1, पटना के पत्रांक–58, दिनांक–06.09.2022 के द्वारा भी आपको उक्त कार्य अविलम्ब कराने हेतु निर्देशित किया गया है। परन्तु आपके द्वारा कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण कार्य अभी तक पूर्ण नहीं कराया जा सका है। जो कि कार्य के प्रति स्वेच्छाचारित एवं उदासीनता एवं अव्यवहारिकता का परिचायक है। कार्यहित में आपके द्वारा उक्त कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निर्देशों का अनुपालन नहीं करने एवं अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–1333 (भ), दिनांक–06.02.2015 के आलोक में पत्र निर्गत की तिथि से विषयांकित कार्य समाप्ति तक अगले किसी निविदा में भाग लेने से DEBAR किया जाता है साथ हीं यह भी निर्देशित किया जाता है कि अविलंब उक्त कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
अनु०:–यथोक्त।

**विश्वासभाजन**

ह०/–
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–01, पटना।

ज्ञापांकः– 1470 दिनांकः– 03-08-2023

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय Website पर Upload करने हेतु प्रेषित।

03/08/23

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमण्डल संख्या–01, पटना।